कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा): (क) से (घ) जी, हां। सेंट्रल कोलफील्ड्स लि० में कोयला क्षेत्रों में जैसे नार्थ कर्णपुरा, साउथ कर्णपुरा, ईस्ट बोकारो, वेस्ट बोकारो में विकास तथा विस्तार का कार्य शुरू कर दिया गया है। इन कोयला क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं में स्वीकृत की गई कुल निवेश की राशि लगभग 1500 करोड़ रु० की है।

इस संबंध में उठाए गए कदमों में अग्रिम कार्रवाई क्रियाकलाप प्रक्षेपण, परियोजनाओं का प्राथमिकीकरण और समय पर क्रियान्वयन किए जाने हेतु परियोजनाओं का अनुश्रवण किया जाना शामिल है।

कोल इंडिया लि० द्वारा कोयला खानों के लिए तैयार की जाने वाली योजना

5829. **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कोल इंडिया लि० द्वारा विश्व बैंक से सहायता प्राप्त करके देश की 33 कोयला खानों के लिए एक योजना तैयार की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो विश्व बैंक से कुल कितनी वित्तीय सहायता प्राप्त होगी और कुल योजना-व्यय के संबंध में आंकलन क्या है;

(ग) क्या शेष योजना परिव्यय के लिए धन प्राप्त करने हेतु अन्य स्रोतों की पहचान कर ली गई है;

(घ) यदि हां, तो किस-किस स्रोत से कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त होने की संभावना है;

(ङ) क्या सरकर ने इस योजना के अंतर्गत किए गए कुल व्यय से प्राप्त हुए लाभांश का भी आंकलन किया है;

(च) यदि हां, तो अनुमानित वार्षिक लाभांश कितना है और यह निवेश को गई पूंजी की तुलना में कितने प्रतिशत है; और

(छ) कोल इंडिया लि० द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान निवेश की गई अपनी कुल पूंजी से औसतन कितने प्रतिशत वार्षिक लाभांश प्राप्त किया जा रहा है?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा): (क) और (ख) कोल इंडिया लि० (को०इं०लि०) और विश्व बैंक से साथ 34 परियोजनाओं के लिए संभावित ऋण प्राप्त करने के लिए विचार-विमर्श चल रही है, जिसमें विद्यमान खानों/परियोजनाओं में हैवी अर्थ मूविंग मशीनरी की प्रतिस्थापना और नयी/विस्तार परियोजनाओं शामिल हैं। को०इं०लि० द्वारा विश्व बैंक से लगभग 2932 करोड़ रु० सहायता मांगी गई है। 31 परियोजनाओं के लिए प्रस्तावित ऋण के लिए कुल अनुमानित अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता लगभग 4793 करोड़ रु० की राशि की है।

(ग) और (घ) लगभग 1861 करोड़ रु० की शेष राशि 5 वर्ष की अवधि में निवेश किए जाने की संभावना है। यह राशि अधिकांशतः आंतरिक और वाणिज्यिक संसाधनों द्वारा जुटाई जाएगी।

(ङ) से (च) जी, हां। इस निवेश से लगभग 26% प्रति वर्ष की कुल आंतरिक वित्तीय लाभ समय रूप में प्राप्त होने का अनुमान है।

(छ) पिछले तीन वर्षों में को०इं०लि० द्वारा लगाई गई पूंजी के सकल लाभ (ब्याज से पूर्व लाभ) की प्रतिशतता नीचे दर्शायी गई है:—

1993-94	—	13.4%
1992-93	—	13.3%
1991-92	—	10.5%

वेस्टर्न कोलफील्ड्स के कर्मचारियों द्वारा कोयला कंपनियों को लाभकारी बनाने हेतु बनाई गई योजना

5830. **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गह सच है कि वेस्टर्न कोलफील्ड्स लि० के कर्मचारियों ने कंपनी के अंतर्गत 29 कोयला खानों को लाभकारी बनाने के लिए एक योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो सरकार के पास यह योजना कब प्राप्त हुई थी;

(ग) क्या सरकार ने इस योजना के क्रियान्वयन की संभावना का पता लगाया है;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) योजना की विस्तृत रूपरेखा क्या है?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा): (क) से (ङ) वेस्टर्न कोलफील्डस लि० (वे०को०लि०) ने सूचित किया है कि उनके